प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में उल्लेखनीय कार्य के लिये छत्तीसगढ़ हुआ पुरस्कृत

चर्चा में क्यों?

- 25 अप्रैल, 2023 को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी ने छत्तीसगढ़ को आवास निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिये पुरस्कृत किया।

प्रमुख बिंदु

- हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको), नई दिल्ली के 53वें स्थापना दिवस के अवसर पर आवास निर्माण के क्षेत्र में अभिनव प्रयास एवं उत्कृष्ट योगदान के लिये राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ (State Urban Development Agency (SUDA) को सम्मानित तथा पुरस्कृत किया गया।
- दिल्ली में आयोजित इस समारोह में सूडा के सीईओ सौमिल रंजन चौबे ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।
- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सभी के लिये आवास उपलब्ध कराने का कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) द्वारा राज्य के समस्त 33 ज़िलों के सभी 170 नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) सबके लिये आवास मिशन का क्रियान्वयन किया जा रहा है।
- योजना अंतर्गत अब तक 2 लाख 62 हज़ार से अधिक आवासों की स्वीकृति प्राप्त है, जिसमें अब तक 1 लाख 40 हज़ार घरों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है एवं शेष आवासों का निर्माण कार्य किया जा रहा है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) सबके लिये आवास मिशन के क्रियान्वयन में अद्यतन लगभग 42 सौ करोड़ का व्यय किया जा चुका है।
- **छत्तीसगढ़ की इन उपलब्धियों को केंद्र सरकार ने किया पुरस्कृत**
    - आबादी भूमि पर निवासरत परिवारों को आवास निर्माण हेतु अधिकार प्रमाण-पत्र का वितरण एवं आवासीय पट्टों का नवीनीकरण।
    - योजना में बन रहे समूह आवासों को शासन द्वारा रेरा पंजीयन में छूट प्रदान की गई।
        - शासन द्वारा निर्माणाधीन आवासों के पर्यवेक्षण हेतु ख्यातिप्राप्त सलाहकार संस्थाओं एवं वास्तुविदों की नियुक्ति की गई।
    - 'मोर मकान-मोर आस' योजना में समूह आवासों के माध्यम से किराये में निवासरत शहरी गरीबों को योजना में शामिल करने का अभूतपूर्व निर्णय शासन द्वारा लिया गया। इससे शहरी क्षेत्रों के लगभग 25 से 30 हज़ार आवासहीन किरायेदारों को आवास प्रदान किया जा रहा है।
    - नक्सलीय गतिविधियों से प्रभावित परिवारों को लाभ - राज्य द्वारा नगर पंचायत, अंतागढ़ में नक्सलीय गतिविधियों से प्रभावित 80 परिवारों के हितग्राहियों को सर्वसुविधायुक्त पक्का आवास उपलब्ध कराया गया।
- **सबके लिये आवास (शहरी) अंतर्गत पूर्व में प्राप्त पुरस्कार-**
    - भारत सरकार द्वारा **PMAY Awards 2019** के अंतर्गत **Best State for Convergence with Other Missions** में नगर निगम राजनांदगाँव, नगर पंचायत अंतागढ़ एवं नगर पंचायत गंडई को पुरस्कार प्रदान किया गया।
    - भारत सरकार द्वारा **PMAY Awards 2019** के अंतर्गत नगर पालिका परिषद, डोंगरगढ़ को बेस्ट परफॉर्मिंग म्युनिसिपल काउंसिल श्रेणी का पुरस्कार प्रदान किया गया।
    - **HUDCO Award 2019-2020** में नगर निगम राजनांदगाँव को हाउसिंग, अरबन पॉवर्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर की श्रेणी पुरस्कार प्रदान किया गया।
    - भारत सरकार द्वारा **Indian Urban Housing Conclave (IUHC) 2022 में PMAY Award, 2021** में छत्तीसगढ़ राज्य को बेस्ट कम्यूनिटी ओरिएंटेड प्रोजेक्ट्स की श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन का पुरस्कार प्रदान किया गया।
    - भारत सरकार द्वारा **Indian Urban Housing Conclave (IUHC), 2022 में PMAY Awards, 2021** में नगर पंचायत पाटन को बेस्ट परफॉर्मिंग नगर पंचायत की श्रेणी में पूरे भारत में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-got-award-for-its-remarkable-work-in-pm-awas-yojana-urban